हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .2 डिग्री

11 जाति से ऊपर उठकर समाज के अंतिम व्यक्तियों का विकास पीएम की प्राथमिकता



12 अतिक्रमण कारियों पर नगर परिषद मेहरबान ...



## खबर संक्षेप

### डंपर की चपेट में आकर महिला घायल

**रेवाड़ी।** मसानी बस स्टैंड पर डंपर की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई। राजस्थान के राईला निवासी इंद्रा बस मसानी बस स्टैंड के पास झुग्गियों में रहती है। वह दूध लेने के लिए बस स्टैंड पर गई थी। सड़क पार करते समय एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने उसके भाई के भाई नारायण के बयान पर डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### गैसपाइप लाइन के आठ बंडल चोरी

**रेवाड़ी।** रामपुरा के आश्रम रोड पर चोर गैस पाइप लाइन के 8 बंडल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में गैस पाइप लाइन बिछाने का ठेका लेने वाली कंपनी के सुपरवाइज शनिकुमार ने बताया कि उसने तुलाराम विहार में पाइप लाइन बिछवाने के लिए पाइपों के बंडल रखवाए थे। चोर 8 बंडल पाइप चोरी कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी पाइपों का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट और धमकी मामले में तीन काबू

**बावल।** ओढ़ी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांव के एक व्यक्ति ने एसपी को दर्ज शिकायत में आरोप लगाया था कि गांव के कुछ लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 28 नवंबर को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने देवेंद्र, विकास व गौरव को गिरफ्तार कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट के आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** एनडीपीएस एक्ट के तहत शनिवार को काबू किए गए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस ने विकास नगर निवासी योगेश व एचएसएनबीसी की टीम ने सेक्टर-1 निवासी संजीव को नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों को केस दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### लापरवाही के आरोप में गाड़ी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाकर सड़क हादसे को अंजाम देने के आरोपी गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। 18 दिसंबर को हरीनगर फ्लाईओवर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हादसे के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने मयूर विहार निवासी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### डवाना प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गांव डवाना में जमीन पर कब्जे को लेकर 6 दिसंबर को हुए घमासान में हत्या के प्रयास और मारपीट मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले के कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। डवाना निवासी राजबीर के बयान पर कसोला पुलिस ने 28 नवंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने घटना के बाद कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब बैरियावास निवासी विक्रम को गिरफ्तार किया गया है।

### सुशासन दिवस पर कार्यक्रम आज

**रेवाड़ी।** सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल 25 दिसंबर को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर सहकारिता मंत्री सभागार में अधिकारियों के साथ मीटिंग भी करेंगे।

---

### दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सर्वाधिक अवैध वाहन, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से चरखी दादरी में शुरू किया नया प्रयोग

# चरखी दादरी में इंटर डिस्ट्रिक्ट अफसर को कमान वाहनों का अवैध संचालन रोकने की दरकार

नरेन्द्र वत्स ▶▶। रेवाड़ी

बड़ी संख्या में वाहनों के अवैध संचालन को रोकने और मोटर व्हीकल एक्ट की धज्जियां उड़ाने वाले लोगों पर शिकंजा कसने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने चरखी दादरी जिले में स्पेशल चेकिंग के लिए दूसरे जिलों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। वाहनों का सर्वाधिक अवैध संचालन दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हो रहा है, जहां गुरूग्राम से लेकर बावल तक सैकड़ों की संख्या में वाहन रोजाना नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहे हैं।

स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर यशेंद्र सिंह की ओर से हाल ही में जारी पत्र में हिसार के डीटीओ सुनील कुमार, करनाल के आरटीए सचिव विजय देशवाल, रेवाड़ी के आरटीए सचिव गजेंद्र कुमार, नूंह के आरटीए सचिव मुनीष सहगल, फरीदाबाद के आरटीए सचिव जितेंद्र गहलावत व नारनौल के आरटीए सचिव मनोज कुमार को डेट वाइज चरखी दादरी जिले में मोटर व्हीकल एक्ट की उल्लंघना करने वाहनों की स्पेशल चेकिंग और उनके चालान करने के आदेश दिए हैं। इन अधिकारियों को चरखी दादरी में 29 जनवरी तक विशेष जांच का जिम्मा सौंपा गया है। अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वह अपनी टीम के साथ विशेष जांच करते हुए उन्हें नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की ओर से ऐसा ही प्रयोग कुछ समय पूर्व रेवाड़ी में भी किया था। उस समय दूसरे जिलों के आरटीए अधिकारियों की टीमों ने अवैध रूप से वाहन चलाने वाले लोगों में खलबली पैदा कर दी थी। एक ही रात में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर 100 से अधिक अवैध रूप से संचालित बसों को इंपाउंड किया गया था। स्पेशल चेकिंग के दौरान अवैध रूप से संचालित वाहन या तो सड़कों से हटा लिए गए थे या फिर उन्हें राजस्थान के अलवर एरिया से संचालित जाने लगा था। अभियान बंद होने के कुछ समय बाद हालात फिर से वही बन गए।



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर चलने वाली रोडवेज से मिलती-जुलती प्राइवेट बसें। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। नेशनल हाइवे पर पकड़े गए ओवीलोड डंपर। फोटो :हरिभूमि

#### ट्रांसपोर्ट के नेटवर्क को तोड़ना मुश्किल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली और जयपुर के बीच ट्रांसपोर्टरों को बड़ा नेटवर्क एक्टिव है, जो टैक्स से लेकर परमिट फीस तक सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाने का कार्य कर रहा है। नाइट सर्विस के रूप में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल व राजस्थान रोडवेज की बसों से मिलती-जुलती बसों को सड़कों पर उतारा जाता है। लोग उन्हें रोडवेज बस समझकर यात्रा करते हैं, जबकि यह बसें प्राइवेट हैं। दिल्ली के धौला कुआं से रात के समय औसत हर 10 मिनट के बाद एक बस जयपुर के लिए रवाना होती है।

#### दूसरे जिलों में भी कराएंगे स्पेशल चेकिंग



*स्पेशल चेकिंग का कार्य फिलहाल चरखी दादरी में शुरू कराया गया है। इस कार्य को उन जिलों में भी जल्द शुरू कराया जाएगा, जहां मोटर व्हीकल एक्ट की पालना नहीं की जा रही। वाहनों के अवैध संचालन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कियजाएगा।* -यशेंद्र सिंह, एसटीसी, चंडीगढ़।

#### ओवरलोड माफिया भी हुआ बेलगाम

इस नेशनल हाइवे पर रोजाना हजारों की संख्या में ओवरलोड वाहन राजस्थान से खनन सामग्री भरकर गुरूग्राम, फरीदाबाद और दिल्ली के लिए निकलते हैं। ओवरलोड माफिया का सूचना तंत्र मजबूत बना हुआ है। चेकिंग शुरू होते ही उसकी सूचना ट्रांसपोर्टरों तक पहुंच जाती है। इसके बाद इन ओवरलोड वाहनों को जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर के पास राजस्थान की सीमा में रोक दिया जाता है। राजस्थान की सीमा में एक्शन लेने का अधिकार प्रदेश के अफसरों के पास नहीं है। चेकिंग बंद होने के बाद ही इन वाहनों को गंतव्य के लिए रवाना कराया जाता है।

#### सीएम फ्लाइंग कई बार चुकी धरपकड़

सीएम फ्लाइंग की ओर से दिसंबर माह में एनएच-48 पर दो बार ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की है, जिसमें बड़ी संख्या में वाहन पकड़े गए हैं। फ्लाइंग का चेकिंग अभियान ओवरलोड वाहनों तक सीमित है। दिल्ली से जयपुर के बीच अवैध रूप से चल रही सैकड़ों बसों पर सीएम फ्लाइंग ने भी अभी तक हाथ नहीं डाला है। इन बसों का संचालन रेवाड़ी और गुरूग्राम दोनों आरटीए सचिवों के अधिकार क्षेत्र में हो रहा है। जांच के नाम पर आरटीए स्टाफ की ओर से कभी-कभार ही इनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

---

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

■ पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी

एक कंपनी कर्मचारी को विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने करीब डेढ़ लाख रुपये की चपत लगाने के आरोप में थाना मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसपी के आदेश पर डीएसपी की जांच के बाद पुलिस ने यह केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के आला अधिकारियों को लिखे पत्र में किसान वाटिका में रहने वाले मनीष भादोदिया ने बताया कि वह बावल की एक कंपनी में काम करता है। उसकी नागपुर निवासी रंजीत मोहराना से कुछ साल पहले मुलाकात हुई थी। रंजीत ने उसे बताया था कि वह अपनी जान-पहचान के चलते कई युवकों को विदेशों में नौकरी दिला चुका है। वह उसे भी विदेश भिजवा सकता है। इसके लिए उसने दुबई या सिंगापुर भेजने के लिए 55 हजार रुपये कंसलटेंसी फीस व 65 हजार रुपये विदेश भेजने का खर्च बताया। उसने नकद व बैंक ट्रांसफर से यह रकम उसे अदा कर दी। मनीष ने आरोप लगाया कि इसके बाद भी वह बहानेबाती करते हुए उससे पैसे लेते रहा। उससे करीब 1.5 लाख रुपये ले लिए गए। काफी दिनों तक वह उसे गुमराह करता रहा। बाद में उसने विदेश भिजवाने से इंकार कर दिया। पैसे वापस देने की बात कहने पर वह जान से मारने की धमकी देने लगा। उसकी शिकायत पर एसपी ने डीएसपी बावल को जांच सौंपी थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

## ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन से अपराधियों को कड़ा संदेश

■ हरियाण और राजस्थान के सीमावर्ती गांव में उतरी दोनों राज्यों की पुलिस

■ एक-दूसरे के एरिया में अपराध करने के बाद पनाह लेना नहीं होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा में अपराध करने के बाद राजस्थान में और राजस्थान में अपराध करने के बाद हरियाणा के सीमावर्ती गांवों में शरण लेने की मंशा रखने वाले अपराधियों को कड़ा संदेश देने के लिए दोनों राज्यों की पुलिस ने सामंजस्य बढ़ाते हुए ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों की टीमों ने इस ऑपरेशन से अपराधियों को संदेश दिया कि वह एक-दूसरे के एरिया में अपराध करने के बाद खुद को सुरक्षित समझने का भ्रम नहीं पालें। एसपी दीपक सहारन के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस ने राजस्थान के सीमावर्ती पुलिस थानों के अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाते हुए संयुक्त टीमों को एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र में अभियान चलाया। दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांवों में आपराधिक किस्म के लोगों की धरपकड़ के लिए चलाए गए इस अभियान में कोई अपराधी भले ही पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका हो, परंतु इससे उनके दिल में पुलिस का खौफ जरूर पैदा हो गया। उन्हें इस बात का अहसास हो गया कि एक राज्य में अपराध करने के बाद सहयोग के अभाव में उनके लिए दूसरे राज्य में जाकर पनाह लेना आसान नहीं होगा।

#### दोनों राज्यों की पुलिस ने बढ़ाए सहयोग के कदम



रेवाड़ी। राजस्थान पुलिस के साथ सर्च ऑपरेशन चलाते हुए जिला पुलिस के अधिकारी।

#### आठ किलोमीटर की दूरी के बाद राजस्थान

भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार शहर में वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी के लिए राजस्थान की सीमा में प्रवेश का अंतर महज 8 किलोमीटर होात है। कई बार दोनों राज्यों की पुलिस के बीच सामंजस्य के अभाव में राजस्थान की सीमा में जाते ही अपराधी को वहां से काबू करना चुनौती बन जाता है। थोड़ा और दूरी तय करने के बाद अपराधी प्रदेश के ही नूंह जिले तक पहुंच जाता है, जहां से उसे काबू करना राजस्थान से भी बड़ी चुनौती बन जाता है। राजस्थान और नूंह के बदमाश जिले में होने वाली बड़ी आपराधिक वारदातों में सबसे ज्यादा लिप्त पाए जाते हैं। दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे को अपराध रोकने की मुहिम पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

#### सहयोग से अपराधियों की धरपकड़ आसान



एक-दूसरे के सहयोग से ही दोनों राज्यों में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले लोगों को काबू करने में आसानी होती है। हम राजस्थान पुलिस को अपराध रोकने की मुहिम में पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं। वहां के अधिकारी भी इसी नीति पर काम कर रहे हैं। -दीपक सहारन, एसपी।

#### सहयोग बढ़ाने के लिए चलाया अभियान

एसपी दीपक सहारण ने राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के समकक्ष अधिकारियों से विचार-विर्मश करने के बाद यह अभियान शुरू कराया। इसमें डीएसपी संजीव बल्हारा, राजस्थान के भिवाड़ी डीएसपी मुकेश कुमार, सेक्टर-6 थाना प्रभारी सुनील, धारूहेड़ा एसएचओ संजय, राजस्थान के फूलबाग एसएचओ बिजेंद्र, भिवाड़ी एसएचओ व उनकी टीमों ने महेश्वरी व बॉर्डर के दूसरे गांवों में सर्च अभियान चलाया। बावल एरिया में डीएसपी नरेंद्र सांगवान, राजस्थान के नीमराना डीएसपी आमिर हसन, शाहजहांपुर के एसएचओ रामकिशोर, बावल एसएचओ लाजपत व कसोला एसएचओ मनोज ने सीमावर्ती गांवों में सर्च अभियान अभियान चलाया।

---

## ब्राह्मण सभा ने निकाली श्रीराम मंदिर अयोध्या की अलौकिक झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हिंदू संगठनों की ओर से विशेष तैयारियां की जा रही है। गत रात्रि गीता महोत्सव के दौरान शहर में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान ब्राह्मण सभा की ओर से रामनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य भगवान श्रीराम मंदिर की मनोहारी झांकी निकाली गई। नगर परिक्रमा के दौरान झांकी के साथ राम भक्तों की सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। ब्राह्मण सभा के प्रधान चंद्रशेखर गौतम ने झांकी को भव्य रूप देने रंगकर्मी सतीश मस्तान का आभार प्रकट किया। झांकी में श्रीराम के वेष में जय भारद्वाज मौजूद थे। झांकी के साथ सभा के महासचिव हेमंत भारद्वाज, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, कार्यकारणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र तिवाड़ी, संदीप भारद्वाज, महेश वशिष्ठ, उमेश भारद्वाज, जयकुमार कौशिक, दीपक शर्मा, प्रकाशचंद, प्रदीप शर्मा, मुकेश कुमार, हेमंत, दिनेश वशिष्ठ, अश्वनी कौशिक, दलीप शास्त्री व किशन चंद वशिष्ठ सहित अनेक रामभक्त उपस्थित थे।



रेवाड़ी। झांकी के साथ ब्राह्मण सभा के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### स्कूल वैन चालक को गाड़ी से उतारकर पीटा, पांच पर केस दर्ज

**कुंड।** मंदोला स्कूल से मानपुरा स्कूल के बच्चों को छुट्टी के बाद छोड़ने के लिए जा रहे एक वैन चालक पर हमला करने के आरोप में थाना खोल पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में जैनाबाद निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह मंदोला के निजी स्कूल की ईको गाड़ी चलाता है। वह स्कूल से बच्चों को लेकर मानपुरा छोड़ने के लिए जा रहा था। मंदोला गांव से निकलते ही दो बाइक चालकों ने बाइक आगे लगाकर उसकी गाड़ी रुकवा ली। उसने आरोप लगाया कि बाइकों पर आए नांगल निवासी सौरव व मंदोला निवासी हंसु ने तीन अन्य युवकों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बेहोश होने तक जमकर पीटा गया। बेहोश होने के बाद आरोपी वहां से चले गए। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



रेवाड़ी। अवार्ड लेते हुए यतिश सिंघल। फोटो :हरिभूमि

### यतीश सिंघल को शिक्षा के क्षेत्र में मिला सम्मान

**रेवाड़ी।** शिक्षा के क्षेत्र में पिछले दो वर्षो से प्रयासरत शहर के यतीश सिंघल को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आरएस बावा व लेफ्टिनेंट जनरल कंवल जीतसिंह ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में देश के अनेक जगहों से शिक्षा जगत से जुड़े हुए लोग पहुंचे थे, जिनसे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर बदलाव को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से पढाई के साथ-साथ विचार, संस्कार व नैतिक शिक्षा समझाने पर बल दिया गया। यतीश शहर के सेक्टर-4 में एक संस्था चला रहे है, जिसमें बच्चों को पाठ्यपुस्तक पढ़ाने के साथ समाज में लुप्त हो रहे संस्कारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

---

### गांव छुरियावास में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## नशे की लत से दूर रहकर शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े युवा

■ विजेता टीम को डीएसपी सिटी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से रविवार को गांव छुरियावास में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस की ओर से जिले में नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है। पुलिस खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करत रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ निरीक्षक अनूप कुमार पूर्व कप्तान भारतीय प्रो-कबड्डी ने किया। इस मौके पर डीएसपी सिटी पवन कुमार, थाना मॉडल टाउन एसएचओ कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार सरपंच गांव छुरियावास, विक्रम यादव सरपंच गांव करनावास, बलराज सरपंच गांव ढालियावास, खेमराज नंबरदार गांव छुरियावास व सुधीर मास्टर गांव छुरियावास अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। प्रतियोगिता में गांव छुरियावास, करनावास, ढालियावास, डवाना, शहबाजपुर, लालपुर की ढाणी व प्रथम इंटरनेशनल स्कूल गांव धामलाका की कुल 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला गांव ढालियावास व करनावास की टीम के बीच हुआ, जिसमे गांव ढालियावास की टीम ने जीत हासिल की। विजेता टीम को डीएसपी सिटी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी पवन कुमार ने युवाओं को सरकार की ओर से नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में भाग लेने के लिए जागरूक किया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। युवाओं में खेलो के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वह अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बने, क्योंकि आजकल नौजवान पीढ़ी नशे की लत में पड़ती जा रही है, जो की आने वाले समय में बहुत ही घातक सिद्ध हो सकती है। ऐसे में युवाओं को भी चाहिए कि वह नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े।






रेवाड़ी। विजेता टीम डीएसपी व अन्य अतिथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### आज आठ गावों में पहुंचेंगे संकल्प यात्रा के चार वाहन

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के चार प्रचार वाहन 25 दिसंबर को प्रातः10 बजे से व सायं 3 बजे गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभांवित करेंगे। प्रचार वाहन नंबर-1 रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव बालावास अहीर में प्रातः 10 बजे व बालावास जमालपुर में सायं 3 बजे, वाहन नंबर-2 कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव गुगोढ़ में प्रातः10 बजे व गोपालपुर गाजी में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-3 बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव सांझरपुर में प्रातः 10 बजे व गांव मोहनपुर में सायं 3 बजे तथा प्रचार वाहन नंबर-4 कोसली विधानसभा क्षेत्र के लुहाना में प्रातः 10 बजे व मसीत में सायं 3 बजे पहुंचकर सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

*मेरी आत्मा बड़ी सुलझी हुई बात कह देती है कभी-कभी। अच्छी आत्मा 'फ़ोल्डिंग' कुर्सी की तरह होनी चाहिए। ज़रूरत पड़ी तब फैलाकर उस पर बैठ गए; नहीं तो मोड़कर कोने में टिका दिया।*

**-हरिशंकर परसाई**



*अभी जब वह अपने कमीज और दुपट्टे को समेत कर बैठी तो लगा कि किसी हंसनी ने घास के इस झील में डुबकी लगा दी हो! लम्बी पलकों की पंखुरियों को उठाना, मानो कली चटक गई हो।' वह नर्म दूब के पौधे को उखाड़ कर हथेलियों से रगड़ रही थी और उसका चेहरा लाल हो उठा था।*



कहानी | जयन्त

# गोपा

जाड़े के दिनों में जब दिन बड़े होने लगे थे, दोपहर की गुनगुनी धूप में शिरीष के पेड़ के नीचे नर्म दूब पर लेटना कितना अच्छा लगता था। युवक-युवतियाँ झुंडों में बैठ कर बातें करते, कुछ पत्रिकाओं के पन्ने पलटे जाते, कुछ अपने लिखे नोटस दुहराए जाते, कुछ सिगरेटों को फूँका जाता, पान की गिल्लौरियाँ चबाई जातीं, विभिन्न मुद्दों पर नरम-गरम बहस होती, हँसी-ठहाके गूँजते और इस बीच कुछ युवतियाँ निरूद्देश्य तिनकों और कंकड़ों को उछालतीं या फिर उन्हें चुहलवश एक-दूसरे पर फेंकती रहतीं। क्लास के लिए घंटी बजती तो कुछ



कैम्पस की गेट की तरफ चले जाते तो कुछ कक्षाओं की तरफ चले जाते। पिछली शताब्दी में कॉलेजों में कुछ ऐसी ही रौनक रहा करती थी। अब कॉलेजों की भीड़ टेक्निकल कॉलेजों की ओर चली गई है परन्तु वहाँ इस तरह का माहौल नहीं मिलता। सब कुछ यत्रवत सा हो गया है। सभी अपने भविष्य को ले कर चिंतित रहते हैं। पहले कुछ सैटलमेंन्ट हो जाए तब मौज-मस्ती!

ऐसी ही एक अलसायी ढलती दोपहर में गौतम अपनी किताब-कॉपी बगल में रखे अधलेटा सा कुछ पढ़ रहा था। वह एक पत्र था जो उसके पिता जी ने घर से भेजा था। पत्र में उसे आने को कहा गया था। उसके साथियों के झुंड कैंटीन की तरफ चले गए थे। कुछ लड़कियाँ थोड़ी दूर पर बैठीं हुई थीं। गौतम पत्र दो बार पढ़ चुका था और मन ही मन कुछ हिसाब लगा रहा था। सहसा किसी ने पत्र को उसके हाथों से झटक लिया - यह सलीम था।

'अरे ! सलीम क्या कर रहे हो ?'

'क्या कर रहे हो ऽ ऽ ऽ. . .!' सलीम फटे ढोल की तरह बज उठा, उसके होठों पर हँसी थी, प्रिय गौतम! ऽ ऽ . . . सेंडर्स एड्रेस नदारथ ऽ ऽ. .' गौतम ने पत्र छीनने का असफल प्रयास किया।

-'. . . और भेजने वाली का नाम भी गायब, . . . .क्यों मियाँ!' उफ कितनी तेज आवाज़ थी उसकी तभी घंटी बजी।

'नहीं सलीम, फादर का लेटर है।'

'फादर का लेटर है !". हमसे छिपाते हो. . . .?'

'क्या है'

कई स्वर एक साथ उभरे। लड़कियों का झुंड करीब आ चुका था।

'क्या है. .?' गौतम लगातार पत्र लेने का प्रयास कर रहा था।

'क्या है क्या! . . .गुरु की मंगेतर का लेटर है!'- कहते हुए उसने पत्र उसे लौटा दिया। सलीम ने फिर से कहने का प्रयास किया कि पत्र उसके पिता का है परन्तु उसकी आवाज़ दब कर रह गई।

'हो . .ऽ .ऽ. .!'- की एक-दो आवाज़ आई और फिर किसी ने जोरदार हल्ला मचाया -

'हुर्रे . . . तो फिर पार्टी पक्की।'

'नहीं-नहीं पिता जी का पत्र है। ऐसी कोई बात ही नहीं है।'- गौतम ने कान बंद करते हुए जोर से चिल्ला कर कहा।

'मिठाई खिलाने से डरते हैं ?'

अल्का ने कहा और फिर से शोर उठा तभी मिस्टर कैम्ब्रिज, उर्फ मिस्टर पी. सी. बोस उनके बीच आ पहुँचे। सभी लेक्चर थिएटर में चले गए। कक्षा चल रही थी और गौतम उधेड़-बुन में लगा था कि पैसे का कैसे प्रबंध करे और कैसे घर जाए? मिस्टर कैमब्रिज तेज़ स्वभाव वाली नायिका का कैरेक्टर समझा रहे थे। महीने में दो दिन और बचे हैं - गौतम सोच रहा था। उधर मिस्टर बोस समझा रहे थे कि किस प्रकार नायिका ने नायक को उल्लू बनाया और जब नायक ने उसके गिफ़्ट पार्सल को खोला तो उसमें उसे नायिका रोज़लिन का पुराना सैंडिल मिला।

'हे. . .यू, व्हाट आर यू थिंकिंग?' मिस्टर बोस ने गौतम की ओर संकेत किया तभी घंटी बज गई। किसी ने पीछे से कहा - 'वे गोपा के विषय में सोच रहे हैं।. . .कि अब क्या होगा?' मिस्टर बोस ने उठते हुए कहा - 'आई सी बट शी इज़ लाइक रोज़लिन।' गौतम ने दो बेंच आगे बैठी गोपा को देखा, उसका चेहरा सिंदूरी हो उठा था, सभी हँस रहे थे। उसने ज़ोर से कहा 'मेरे पास पुराना सैंडिल है।. . .पार्सल कर दूँगी।'- उसने गुस्से में भनभनाते हुए कहा। मिस्टर बोस तबतक आगे जा चुके थे शायद जानबूझ कर अनजान बनते हुए ! थोड़ी देर में कक्षा खाली हो गई। गौतम धीमे कदमों से बाहर निकल आया। उससे आगे दो-चार लडकियाँ आपस में बातें करती हुई चल रही थीं। गोपा ठीक उसके पीछे थी। उसने मद्धिम स्वर में पुकारा -

'गौतम जी . . . ।'

'क्या बात है . . .गोपा जी?'

'आप से कुछ बात करनी थी . . .।'

'क्या . .बोलो?'

'अभी नहीं, . . .जब आसपास कोई नहीं रहेगा तब।'

'लेकिन कब?'

'मिलेंगे, कहेंगे . . .आप फ्री मिलें तब तो? . . . हर समय तो . .।'

बात अधूरी छोड़ कर वह दूसरी तरफ़ चली गई। क्या कहना चाहती है? वह भी मैं जब फ्री मिलूँ! ऐसे तो कभी बात नहीं करती वह। आज तक कोई विशेष बात भी नहीं . . .किया उसने? क्या कहना कहती है? वह उसकी बात मन ही मन दोहराता रहा। प्रायः लड़के-लडकियाँ उन्हें छेड़ा करते थे 'गोपा और गौतम'- 'गोपा और गौतम', वह आगे बढ़ गया।

गौतम को घर से लौट कर आए तीन-चार दिन गुजर चुके थे। जाड़े कि एक वैसी ही दुपहर में जब वृक्षों कि परछाईयाँ पूरब की तरफ आड़े-तिरछे लम्बी हो आईं थीं, घने लता कुंज के पास गौतम घुटने पर दोनों हाथ बांधे बैठा था। हिन्दी की कक्षा थी प्रोफेसर राम साहेब की और वे यशोधरा पढ़ाते थे। . . . कौन जाएगा, गोपा-गौतम वाला प्रसंग चल रहा है, अगले चैप्टर के आने पर ही क्लास करूँगा। जाने का अर्थ है वह दिमाग चाटेगा और सभी मुझे और गोपा को चिढ़ाएँगे। दूर से तरणताल का जल नीला-नीला दिखाई पड़ रहा था और ठंडी हवा उस जल के स्पर्श से और भी सिहर गई थी। . . .तभी . .सहसा ही गोपा आती दिखाई पड़ी। वह नजदीक आई, गौतम कुछ पूछता उसके पहले ही घास पर बैठ गई। गौतम ने उसे गहरी नज़रों से देखा और मन ही मन कहा, 'कितनी अच्छी लगती है गोपा ! . . . अभी जब वह अपने कमीज़ और दुपट्टे को समेत कर बैठी तो लगा कि किसी हंसनी ने घास के इस झील में डुबकी लगा दी हो! लम्बी पलकों की पंखुरियों को उठाना, मानो कली चटक गई हो।' वह नर्म दूब के पौधे को उखाड़ कर हथेलियों से रगड़ रही थी और उसका चेहरा कुछ कहने के लिए लाल हो उठा था।

गौतम को याद आया एक बार उसे खिलखिला कर हँसते देखा था, जब वे कैंटीन में बैठे थे और सलीम ने जल्दीबाजी में पानी का पूरा ग्लास अपने पर उढ़ेल लिया था।. . .वह सामने कि मेज़ पर बैठी हुई थी और यह देख कर ज़ोरों से हँस पड़ी थी, एकदम उन्मुक्त हँसी। गौतम को ऐसा लगा था कि किसी ने मखमल की मंजूषा को खोल कर मोतियों को बिखेर दिया हो।. . . और उस क्षण को वह कैसे भूल सकता है जब कक्षा में जाते समय गौतम की बाँह में कील चुभ गई थी और गोपा ने अपनी हथेलियों से कस कर दबा कर उसे बहते खून को रोकने का प्रयास किया था। दोनों को उस एक अव्यक्त पल ने ही तो तब से एक-दूसरे के कितना पास ला दिया था, इसका तो उन्हें आभास ही नहीं था। तभी से लड़के-लडकियाँ उन दोनों को चिढ़ाने लगे थे।

'सुनिए, . . .आपकी शादी तय हो गई है क्या . . .?'

'नहीं तो, . . .किसने कहा!'

*"दोपहर की गुनगुनी धूप में शिरीष के पेड़ के नीचे नर्म दूब पर लेटना कितना अच्छा लगता था। युवक-युवतियाँ झुंडों में बैठ कर बातें करते, कुछ पत्रिकाओं के पन्ने पलटे जाते, कुछ अपने लिखे नोटस दुहराए जाते।"*

'आप झूठ बोल रहे हैं न? . . .उस दिन सलीम जी कह रहे थे इसीलिए तो . . .आप घर गए थे।' उसका गला रुंध गया।

'मैं नही जानती थी . . .आप मुझे' उसकी आँखों से आंसू टपटप गिरने लगे।

'यह तुम क्या कह रही हो गोपा !'

'जो अबतक नहीं कह . . . पाई।. . .और क्या कहूँगी।'

'गोपा . . ऽ ऽ. . .! तुम्हारी सौगन्ध . . .सलीम मज़ाक कर रहा था।" गोपा ने उसे गहरी नज़रों से देखा। उसके गालों पर आंसू सूख चुके थे। -". . . पर तुमने पहले कभी!'

'आपने मेरी. . .झूठी कसम खाई . . .?'

'नहीं गोपा . . मैंने झूठ कहा हो तो . . . .मैं मर जाऊँ।' 'बस . .चुप रहिए।'- उसने क्षण भर के लिए अपने कानों को हथेलियों से दबा लिया, लेकिन गोपा तुमने . . .कभी कुछ नहीं बताया!" गौतम ने उठ कर बैठते हुए अपना हाथ उसकी ओर बढ़ाया और गोपा ने उसे अपने हाथों में ले कर झुलाते हुए कहा - 'कुछ नहीं बोलूँगी. . . .बस जाइए, आपसे बात ही नहीं करूँगी . . . ।'

'गोपा, मेरी बात तो सुनो . ऽ ऽ. . .'

वह उठ खड़ी हुई, आँखों में आँखों को डाल कर स्मित हास्य से देखा और बोली "बोलना और सुनना . . . इतना ज़रूरी है क्या ?'

गौतम ने चाहा कि उसे रोक ले, पुकार ले परन्तु ऐसा नहीं कर सका। ईसा की छठी शताब्दी पूर्व गौतम ने जीवन-मरण की पहेली सुलझाई थी परन्तु गोपा को नहीं समझ सके थे, आज भी गौतम उसे नहीं समझ पाया है।

*(लेखिक वरिष्ठ साहित्यकार हैं और लगातार लेखन कर रहे हैं।)*

गीत | राजपाल सिंह गुलिया



धूल - धुएँ को फाँक - फाँक कर,
हुई हवा जहरीली .

फिरे बाँटती सबको निशिदिन,
जहर भरी सौगातें .
सीख चिमनियों से ली इसने,
कितनी कलुषित बातें .
ओढ़ धुआँसा बरगद मलता,
अपनी आँखें गीली .

धुआँ - धुआँ पर्यावरण जहाँ,
ढोता रोज उदासी .
प्रयासों का आश्वासन वहीं,
लेता बैठ उबासी .
हालत पतली होगी गर जो,
रही व्यवस्था ढीली .

साँसों पर संकट गहराया,
है भावों में खिन्नता .
धुँधलाए परिवेश की कहो,
पौंछे कौन मलिनता .
चौपालों से संसद तक हैं,
बातें खाली -पीली .

कविता | मोनिका राज



## दुल्हन बनती हुई मैं



तुम्हारा बेहद सफ़्फ़ाक़-सा चेहरा और
तुम्हें अपने पोरों से स्पर्श करती हुई मैं।

तुम्हारा प्रेमबद्ध आलिंगन और
उसमें प्रेमातुर समाई हुई मैं।

तुम्हारे सपनों से भरे नयन और
उनमें स्वच्छंद विचरती हुई मैं।

तेरा अधूरा-सा एक ख़्वाब और
उसे हकीक़त करती हुई मैं।

एक मंजिल तक पहुंचने का होड़ और
उन राहों में तेरे साथ चलती हुई मैं।

एक चाहत बस तेरा हो जाने की और
धीमे-धीमे सिर्फ तुम्हारी होती हुई मैं।

एक अनंत सफ़र तक चलने की ज़िद और
उसमें तेरा हमसफ़र बनती हुई मैं।

थोड़े-थोड़े अधूरे-से तुम और
तुम्हें हरपल पूरा करती हुई मैं।

एक ख्वाहिश तुम्हें जीवनसाथी बनाने की और
उसमें बस तुम्हारी दुल्हन बनती हुई मैं।

लघुकथा | शशि किरन



## धन्यवाद सेंटा

धवलगिरि के पहाड़ो पर बर्फ गिरने लगी। इसके बावजूद बाज़ारों में रौनक थी। दो दिन बाद क्रिसमस जो आने वाला था। पहाड़ी पर बने एक मात्र गिरिजाघर में प्रभु यीशु के स्वागत की तैयारियां चल रही थीं, गिरिजाघर को लड़ियों से सजाया जा रहा था। क्रिसमस केरॉल की मधुर धुन गूंज रही थी। गिरिजाघर के एक ओर जहां प्रार्थना की कुर्सियाँ लगी थीं वहीं गोशाला का दृश्य बनाया गया, और प्रभु यीशु के बाल रूप को सजाया गया। बाज़ार में सेंटा की ड्रेस पहने लोग छोटे बच्चों को टॉफी और चॉकलेट बाँट रहे थे चारों ओर रौनक ही रौनक थी। जॉन को भी हर साल सेंटा से एक उपहार मिलता, उसका बहुत मन करता कि वह सेंटा को देख सके पर सेंटा हमेशा रात को उसके सोने के बाद आते। अगले दिन उसे उपहार के साथ एक कहानी सुनने को मिलती सेंटा अपनी स्लेज में बैठकर आते हैं उपहार रखकर चले जाते हैं, आठ वर्ष का छोटा सा जॉन यह सोचता ही रह जाता कि हमेशा उसके मनचाहे उपहार सेंटा को कैसे पता चलते हैं ? तभी माँ ने खाने के लिए आवाज़ दी ! जॉन खाना तैयार है आता हूँ ! कहकर जॉन कमरे से बाहर आ गया। जॉन खाना खाने बैठ गया और माँ से बोला, 'माँ क्या पापा काम से नहीं लौटे ? उन्हें आज कुछ जरूरी काम था माँ ने जवाब दिया तो आप मेरे साथ खाना खा लो नहीं बेटा तुम खा लो। तुम्हारे पापा आएंगे तो मैं उनके साथ खा लूँगी,, ठीक है माँ! कहकर जॉन अपना खाना खाने लगा,, हमेशा ऐसा ही होता रहता। जॉन के पापा अक्सर देर से आते। माँ उनको खाना खिलाने के बाद खाना खातीं। जॉन को अकेले खाना पड़ता। खाना खाने के बाद जॉन सोने चला गया। माँ जॉन के पापा का इंतजार करती रहीं। आधी रात के लगभग जॉन के पापा घर आये। मां ने खाना गर्म किया और टेबल पर लगा दिया। जॉन के पापा ने रंग बिरंगी पन्नी चढा एक छोटा सा पैकेट माँ की ओर बढ़ाया। माँ मुस्कुराने लगी और बोलीं ओहह तो आप इसके लिए ओवरटाइम कर रहे हो। कल रात को जॉन के कमरे में रख देना। अभी इसे छुपा देती हूँ। हर साल क्रिसमस पर जॉन के माता-पिता उसके कमरे में उसका मनचाहा उपहार रख देते, उनके लिए जॉन के मनचाहे उपहार लेना सबसे बड़ा सपना होता। वे नहीं चाहते थे कि जॉन खुद को हीन महसूस करे। अगले दिन क्रिसमस से पहली रात लगभग दो बजे जॉन के सो जाने के बाद ,जॉन के पिता सेंटा बन उसका उपहार रखने आये। उन्होंने पढ़ने की मेज़ पर उपहार रख दिया पर जैसे ही मुड़े उनका पैर किसी चीज से टकराया। उन्होंने झुक कर देखा तो एक पैकेट था जिस पर कार्ड लगा हुआ था। जॉन के पिता कार्ड पर लिखा संदेश पढ़ने लगे। प्रिय सेंटा, आप हर साल क्रिसमस पर मुझे उपहार देते हो इस साल मैं आपके लिए उपहार लाया हूँ..! जॉन। जॉन के पिता ने पैकेट खोला उसमें एक सुंदर जैकेट था , कोने में जॉन की टूटी हुई गुल्लक पड़ी थी। जॉन के पिता की आंखें नम हो गईं, जॉन के पिता का जैकेट जगह जगह से कट गया था पर वे जैकेट नहीं ले रहे थे क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं जॉन के उपहार के लिए रुपये कम न पड़ जाएँ उन्होंने जॉन को चूमा और सोने चले गए । अगली सुबह जॉन ने आँखे खोली तो पिता को खड़ा पाया। जैसे कह रहे हो -"धन्यवाद सैंटा" !

**डा. विश्वबंधु का कहना है कि हिंदी का कोई भी शब्द अपना नहीं है, जिसमें विभिन्न राज्यों की बोली के शब्दों का मिश्रण है। वे पिछले दस साल से हिंदी के शब्द निर्माण विज्ञान पर कार्य कर रहे हैं और अभी तक पहला खंड पूरा हुआ है। इंटरनेट और मोबाइल के युग में युवा पीढ़ी के दिमाग व चरित्र भ्रष्ट हो रहे हैं और समाज भी पथभ्रष्ट हो रहा है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# इंटरनेट और मोबाइल के युग में भटकी युवा पीढ़ी

साहित्यकारों ने हर विधा में साहित्य सृजन करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर समाज को सकारात्मक विचारधारा के लिए नई ऊर्जा देने में योगदान दिया है। वहीं अपनी संस्कृति तथा परंपराओं के संवर्धन के लिए भी साहित्य साधना के माध्यम से नई पीढ़ियों की राह प्रशस्त करने का प्रयास में जुटे साहित्यकारों में डा. विश्वबंधु शर्मा एक ऐसे मूर्घन्य विद्वानों में शुमार हैं, जिन्होंने हरियाणा की लोक कलाओं और संस्कृति के स्वरूप व उसे पहचान दिलाने के लिए हरियाणवी, हिंदी और संस्कृत भाषा में साहित्य सृजन कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा का व्याकरण लिखकर हरियाणवी भाषा के साहित्यकार के रूप में तो लोकप्रियता हासिल की है, वहीं वे पिछले दस साल से हिन्दी भाषा के व्याकरण करके 'शब्द निर्माण विज्ञान' पर गहनता से कार्य करने में जुटे हुए हैं। उनकी यह साहित्य साधना हिंदी जगत के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। गद्य एवं पद्य में लेखन करने वाले डॉ. विश्वबंधु शर्मा ने अपने साहित्यिक सफर के बारे में हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में कई ऐसे महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनकी साधना साहित्य जगत को नया आयाम देने में सक्षम हो सकती है। विश्वबंधु शर्मा का जन्म 02 सितम्बर, 1953 को भिवानी जिले के पुर गांव में संस्कृत के प्रकांड पंडित ब्रजलाल शास्त्री और श्रीमती अंती देवी के घर में हुआ। उनके पिता ब्रजलाल उस समय के उत्तर भारत के एक मात्र अग्निहोत्री थे। मसलन उनके परिवार में दियासलाई से आग जलाना प्रतिबंधित था और परिवार में पांच कुंड से अग्नि लेकर ही चूल्हे के अलावा अन्य आग जलाई जाती थी। परिवार में साहित्य और संस्कृति के माहौल में विश्वबंधु को उनके पिता ने संस्कृत श्लोक कंठस्थ करा दिये थे। डॉ. विश्वबंधु शर्मा ने बताया कि विरासत में मिली साहित्य-संस्कृति की वजह से बचपन से ही उन्हें साहित्य, कला एवं परंपरागत संस्कृति में रुचि हो गई। छात्र जीवन में स्कूल में साप्ताहिक बाल सभाओं में वे कविताएं सुनाने लगे थे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा भाषण प्रतियोगिताओं में जहां भी वह हिस्सा लेते थे, तो प्रथम पुरस्कार उन्हीं को मिलता था। जब वह कक्षा सात में पढ़ रहे थे, तो साल 1967 में उनके पिता का बीमारी के चलते निधन हो गया। इस वजह से स्कूल जाना कम हो गया और घर की जिम्मेदारियां बढ़ गई। किसी तरह से द्वितीय श्रेणी में मैट्रिक पास कर ली। भिवानी में उनके विज्ञान के शिक्षक रामेश्वरदास पुरी उनसे प्रेम करते थे, जो उसे अपनी ससुराल साहनेवाल (पंजाब) ले गए, जहां उनकी ससुराल में लाला छज्जूमल को काम करने वाले लड़के की जरूरत थी। दो साल तक उनके यहां काम किया और वहीं से लाला की मेहरबानी ने उन्होंने साल 1970 में प्रभाकर पास किया। लाला छज्जूमल ने उन्हें गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रतापपुरा, जालंधर में हिंदी अध्यापक लगवा दिया। उसके बाद वह हिसार आ गये, जहां से ओटी की परीक्षा पास की। बकौल डा. विश्वबंधु शर्मा उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए अपने छोटे भाईयों को भी पढ़ाया, जिनमें से एक फौज में गया और कारगिल युद्ध में शहीद हुआ और दो भाई शास्त्री हो गये। उन्होंने खुद दो विषयों में एमए किया। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से उन्होंने साठोत्तरी हिंदी में शोधकार्य कर पीएचडी की, जबकि आधुनिक हिन्दी महाकाव्यों का समाजशास्त्रीय अध्ययन कर डी.लिट की उपाधि हासिल की है। सितंबर 1981 में डा. शर्मा वैश्य कालेज रोहतक में हिंदी विभाग में लेक्चरार नियुक्त हुए और 20 साल तक विभागध्यक्ष रहने के बाद सितंबर 2013 में एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए।

### प्रकाशित पुस्तकें

डॉ. विश्वबंधु शर्मा की प्रकाशित 30 पुस्तकों में साठोत्तर हिन्दी-महाकाव्यों में पात्र-कल्पना, संक्षिप्त भाषा विज्ञान, हिन्दी भाषा भास्कर, चेत मछंदर गोरख आया( हरियाणवी उपन्यास), जामदग्नेय (उपन्यास), आपणा मरण जगत की हाँसी व कोरी हाण्डी (हरियाणवी झलकी संग्रह), भगत सुदामा (हरियाणवी खण्डकाव्य), दुर्गा चरित (हरियावणी महाकाव्य), चासणी (हरियाणवी कविता-संग्रह), हरियाणा के लोकगीत (संपादित), भारत का सूरज : सूरजमल (हरियाणवी ऐतिहासिक उपन्यास), लाला छज्जूमल (संस्मरण संग्रह), दीवानों का मसीहा



डॉ. विश्वबंधु शर्मा

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी से झलकी संग्रह 'अपणा मरण जगत की हांसी' और साठोत्तरी हिंदी कविता पर प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाले डॉ. विश्वबंधु शर्मा को अकादमी द्वारा जनकवि मेहर सिंह सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हें उदयभानु हंस वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान, रघुवीर सिंह मथाना पुरस्कार, सारस्वत सम्मान, शाश्वामृत सम्मान, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी समृति सम्मान, कलम नायक सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, विद्यासागर सम्मान, साहित्य कौस्तुभम् अलंकरण सम्मान, कबीर सम्मान के साथ ही अध्यापन

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** नामः डॉ. विश्वबंधु शर्मा
जन्मतिथिः 02 सितम्बर, 1953
जन्म स्थानः ग्राम-पुर, तहसील-बवानी खेड़ा, जिला-भिवानी (हरियाणा)
शिक्षाः एमए(इतिहास), एमए (हिन्दी), पीएचडी, डी.लिट्
सम्प्रतिः सेवानिवृत्तअध्यक्ष, हिन्दी विभाग, वैश्य कॉलेज, रोहतक (हरियाणा), पूर्व प्रो. बीएमयू, स्वतंत्र लेखन

# इंद्रधनुषी कविताएंः तुम बिन सूना मधुमास



पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

कविता मन की अभिव्यक्ति होती है। कवि जैसी भी परिस्थिति को देखता है वैसी ही कविता का सृजन करता है। कवि अपनी पुस्तक में सभी तरह की रचनाओं का संग्रह करता है। इस दृष्टि से सुमन लता का काव्य संग्रह तुम बिन सूना मधुमास अपने आप में विविधता लिये हुए है। साधारणतयाः एक कवि समाज की विभिन्न समस्याओं, विसंगतियों पर कलम चलाता है, लेकिन सुमन लता ने इन सबके साथ साथ सभी विधाओं में अपनी लेखनी चलाई है। यह वाकई इस काव्य संग्रह को इंद्रधनुषी बनाता है।

**पुस्तक : तुम बिन सुना मधुमास**
**लेखक : सुमन लता**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : सुकीर्ति प्रकाशन**

कवयित्री ने अपनी पुस्तक में कविताओं के साथ-साथ हरिगीतिका छंद, सेवैया, मुक्तक आदि सभी को स्थान दिया है। सुमन ने अपनी कविताओं में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर आए पतन के अलावा राष्ट्र प्रेम, प्रकृति के प्रति प्रेम, समर्पण समाज में आए छलकपट, जल संरक्षण कोरोना काल और नई पीढ़ी के प्रति चिंता जताते हुए मोबाइल के दुष्परिणाम सहित अन्य कविताओं को संग्रह करके समाज को जागरूक करने का प्रयास किया है। पुस्तक की शुरूआत ईश्वर की वंदना के साथ करके आस्तिक रहने का संदेश दिया है जो पाठकों में सकारात्मकता का संचार करता है।

पुस्तक में कुल मिलाकर 74 रचनाएं हैं। इनमें दो कविताएं पानी बचाने का संदेश देती हैं। होली जैसे उत्सव पर जिस तरह से पानी की बर्बादी की जाती है उसे पानी न बहाना और समाज में लगातार हो रहे पानी के अंधाधुंध प्रयोग को लेकर 'जल बचाओ' में चेताया गया है। 'धार्मिक हिंसा' में किस तरह आमजन राजनेताओं के हाथों की कठपुतली बनकर अपने ही भाइयों के सामने हथियार उठा लेता है उसे उजागर किया है। 'सरपंची चुनाव' में भी ग्रामीण स्तर पर नेताओं की हकीकत से रूबरू करवाने का प्रयास किया है। बेटियां समाज में सदियों से हर स्तर पर भेदभाव झेलती आ रही हैं, इसे कवयित्री ने 'बेटियां' कविता में दिखाया है।

सुमन लता की कविताओं की भाषा शैली सहज एवं सरल है। कई कविताओं में हरियाणवी टच भी है। पुस्तक में प्रूफ रीडिंग संबंधी खामियां कई जगह नजर आती हैं ये वाकई खलता है। कुल मिलाकर रुचिकर बन पड़ा है।

# जीवन में प्रेरणा का दीपक जलाती 'ऊर्जस्वी'



पुस्तक समीक्षा | डॉ. गोरख प्रसाद मस्ताना

जिस क्षण व्यक्ति प्रज्ञा पथी होने लगता है या ज्ञान की गंगा में डुबकियां लेने लगता है, उसके अंतःस्थल में उपस्थित भाव-पक्ष निरंतर जागृत होने लगता है और उसकी दृष्टि एक ओर वैज्ञानिक चिंतन तो दूसरी ओर आध्यात्मिक ऊर्जा से उर्जित होने लगती है। इसी मनःस्थिति में जर्स्वी" जैसी कृति का अवतरण होता है। 'ऊर्जस्वी' उसी क्षमता का एक उपहार है जिसमें 32 आलेख उपस्थित हैं। हर आलेख प्रेरणास्पद और ज्ञान का ऊर्जा स्रोत है, जिनमें लेखक की प्रतिभा, विज्ञता, गहन अध्ययन और चिंतन का समावेश है। तुलसी के पत्तों की भांति पवित्र भावाव्यक्ति साथ ही वैज्ञानिक चिंतन से समृद्ध यह कृति नृप जी का एक विशिष्ट प्रयास ही तो है। असफलता से सीखना सफ़लता ही तो है।, अंधेरा, अंधेरे से दूर नहीं होता, बदले की भावना का परित्याग, स्वार्थसाधन हेतु न बने अनैतिक, अहंकारी नहीं गुणवान बने, समय मूल्यवान है, सत्य की महत्ता, नैतिक मूल्यों का महत्व, सफल होने के लिए अनुशासन आदि अनेकानेक आलेख मात्र शब्दों के संयोजन नहीं हैं, जीवन दर्शन हैं, जिनका अध्ययन हमारे पथ को आलोकित करने वाला साधन है, पाथेय है। लेखक की दृष्टि में उसके आलेख केवल कल्पना विलास नहीं बल्कि जीवन को मथ कर निकाला हुआ सार है। किसी रचना का चिंतन जितना ही सरगर्भित होता है उसकी दृष्टि उतनी ही विशाल होती जाती है। किसी भी रचनाकार की कृति में उसके भीतर का व्यक्ति अभिव्यक्त होता है और वहां से जो साहित्य सृजन होता है वहीं उसका संघर्ष और कर्मशीलता प्रकट होती है, जो नियति का बंद द्वार खोलने में सक्षम होती है। नृप के अधिकारपूर्ण भाषा में यथावांछित विविधता है, जिसमें जीवन का सत्य भी है और भविष्य की योजना भी। नृपेंद्र अभिषेक नृप की यह कृति उसमें सन्निहित आलेख जहां जीवन की सफलता के लिए आवश्यक हैं, आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा भी हैं। मैं 'ऊर्जस्वी' के रचनाकार नृपेंद्र अभिषेक नृप की इस कृति की सफलता के लिए सर्वदा आग्रही हूँ। पाठकों के बीच यह कृति बहुत लोकप्रिय होगी। वे ऐसी और कृतियों से साहित्य को समृद्ध करेंगे।

**पुस्तक : ऊर्जस्वी**
**लेखक : नृपेन्द्र अभिषेक नृप**
**मूल्य : 199 रुपये**
**प्रकाशक : स्वेतवर्णा**

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में फिर आया राजस्थान का दूषित पानी।

### धारूहेड़ा में राजस्थान से फिर आया दूषित पानी

**धारूहेड़ा।** राजस्थान से आने वाले दूषित पानी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर अवरुद्ध किए गए नाले को खोल दिया गया, जिससे धारूहेड़ा कस्बे में दूषित पानी आ गया। कस्बे के सेक्टर व कॉलोनियों तक में पानी पहुंच गया। दूषित पानी को लेकर समस्या का स्थाई समाधान नहीं होने का खामियाजा दोनों राज्यों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। एक बार फिर रविवार को दूषित पानी आने से लोगों की परेशानी बढ़ गई।

### खड़े ट्रैक्टर से टकराई कार, एक की मौत

**धारूहेड़ा।** हीरो कट के पास सड़क पर खड़े एक ट्रैक्टर से कार टकराने से कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। लालपुर निवासी रविंद्र, शंकर और दयाराम रात को रविंद्र के भाई विकास को एयरपोर्ट पर छोड़ने के लिए कार से गए थे। वापसी में कार शंकर चला रहा था। हीरो कट के पास एक ट्रैक्टर बिना इंडीकेटर जलाए सड़क पर खड़ा था। रात को दिखाई नहीं देने के कारण कार ट्रैक्टर में घुस गई। इस हादसे में रविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंकर व दयाराम दोनों घायल हो गए।

### सड़क हादसे में पुलिस के जवान की मौत

**रेवाड़ी।** कापड़ीवास के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गुरूग्राम में तैनात एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। महेंद्रगढ़ के सेका निवासी राजेश गुरूग्राम पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था।

### जाट समाज की वार्षिक आमसभा आज

**रेवाड़ी।** जाट समाज की ओर से 25 दिसंबर को जाट धर्मशाला में महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर श्रद्धाजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला में सुबह 10 बजे जाट समाज की वार्षिक आमसभा भी आयोजित होगी, जिसकी अध्यक्षता प्रधान बलबीर सिंह करेंगे।

### युवाओं से जुड़े मुद्दों का हल निकालना लक्ष्य

**रेवाड़ी।** युवा पंचायत में युवाओं की भागेदारी दिखाई दी। इस अवसर पर सृजन यादव ने कहा कि दक्षिण हरियाणा के सभी हलकों में पिछड़ेपन की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। शासन व प्रशासन के सहयोग से युवाओं से जुड़े मुद्दों का हल निकालना युवा पंचायतों का प्रमुख लक्ष्य है।

# रात के तापमान में फिर आने लगी गिरावट, कोहरे का प्रकोप भी शुरू, बढ़ी ठिठुरन

- मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी, दिन के तापमान में हुई वृद्धि प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में भी कड़ाके की ठंड अभी तक देखने को नहीं मिल रही है। दिन के समय तेज धूप सर्दी का असर गायब कर रही है। रात के तापमान में एक बार फिर से गिरावट आई है, परंतु दिन का तापमान बढ़ने से ठंड का ज्यादा असर शुरू नहीं हुआ है। कई दिनों के बाद कोहरा एक बार फिर से दस्तक देने लगा है। दो दिन बाद आसमान में फिर बादल छाने से ठंड बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। गत 22 दिसंबर को पहली बार न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। शनिवार को यह 4.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 9.5 डिग्री पर पहुंच गया। रविवार को न्यूनतम तापमान में एक बार फिर से कमी दर्ज की गई। यह 4.3 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान इस बार 21 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया है। गत वर्ष 24 दिसंबर को अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन के समय सुबह से ही तेज धूप खिलने के बाद दोपहर तक मौसम गर्म हो जाता है। गर्म वस्त्र तक दोपहर तक शरीर को चुभने लगते हैं। सुबह और शाम के समय ही ठंड का अहसास होता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन आसमान में एक बार फिर से आंशिक बादल छा सकते हैं। आसमान में बादल छाने के बाद एक बार तापमान बढ़ेगा, परंतु उसके बाद कड़ाके की ठंड का प्रकोप शुरू हो जाएगा। राजस्थान के कई जिलों में हुई हल्की बरसात भी इस क्षेत्र में ठंड व कोहरा बढ़ाने का काम कर सकती है।





रेवाड़ी। रविवार सुबह आसमान में छाया घना कोहरा तथा ठंड से बचाव के लिए अलाव तापते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

**गुरूग्राम से ज्यादा प्रदूषित धारूहेड़ाः** मौसम में ठंड और हवा में नमी बढ़ते ही प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ने लगा है। रविवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई गुरूग्राम से भी ज्यादा रहा। गुरूग्राम का एक्यूआई 292 और धारूहेड़ा का 308 रहा। राजस्थान के भिवाड़ी में एक्यूआई 330 रहा। दिन भर आसमान में स्मॉग छाया रहा। ठंड के साथ एक्यूआई और बढ़ने के पूरे आसार हैं, जिससे सांस व दमा के रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कोहरे ने रोके रखी वाहनों की रफ्तार

शनिवार आधी रात के बाद से ही कई दिनों के बाद कोहरे ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। रविवार को सुबह के समय सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सुबह 8 बजे तक वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तीनों नेशनल हाइवे पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। कोहरे से कुछ ट्रेनों का संचालन भी आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। हालांकि तेज धूप खिलते ही कोहरा समाप्त हो गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक कोहरे का प्रकोप बना रह सकता है।


## गांव-गांव जाकर अंतिम व वंचितों को योजनाओं का लाभ दे रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# समाज के अंतिम व्यक्तियों का विकास पीएम की प्राथमिकता : लक्ष्मण सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार गांव बालियर कलां, बालियर खुर्द, गाधला, गुडियानी, भांडौर, पीथड़ावास, खेड़ी रामगढ़ व कुमरोधा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गांव बालियर कलां व बालियर खुर्द में भाजपा नेता सुनील यादव मुसेपुर, गांव गाधला में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, गुड़ियानी में विधायक कोसली के लक्ष्मण सिंह यादव, खेड़ी रामगढ़ में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव व कुमरोधा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हुकुमचंद यादव ने यात्रा का अभिनंदन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

**प्रदर्शनी का किया अवलोकन :** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के दौरान मुख्य अतिथियों ने विभिन्न स्थानों पर लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा योजना का लाभ, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया।





रेवाड़ी। स्टॉल का अवलोकन करते वीर कुमार यादव तथा स्टॉल पर जानकारी लेते बिक्रम यादव। फोटो: हरिभूमि

### गरीबों को विकास की योजनाओं में बनाया भागीदार : लक्ष्मण

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सरकार ने गरीबों, वंचितों व मजदूरों को विकास की योजनाओं में भागीदार बनाया है। भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि जाति, बिरादरी से ऊपर उठकर समाज के अंतिम व वंचित व्यक्तियों का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ने इस दिशा में जनधन बैंक खाता खुलवाने से लेकर आयुष्मान कार्ड, घर-घर में शौचालय निर्माण, हर घर में नल से जल, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान सहित अनेक जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चलाकर अंतिम व वंचित वर्ग के लाभार्थियों को लाभांवित करने का काम किया है।

### संकल्प सिद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्धः हुकमचंद

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हुकुमचंद यादव ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

### लोगों के सपने पूरे कर रही सरकारः वीर कुमार

वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि सरकार अंतिम व वंचित व्यक्तियों के सपने पूरे करते हुए उनको समाज की मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। जिनके पास अपना घर नहीं है, उन्हें अपना घर मिले, इसकी चिंता भी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी युवा और नारी शक्ति को और सशक्त कर रही है। सरकार का लक्ष्य गांव के गरीब से शहर की झुग्गी-झोपड़ी तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने का है।



रेवाड़ी। गांव भांडौर में ग्राम ज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# भारत बनेगा आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र : बनवारी

- सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने गांव भांडौर में किया ग्राम ज्ञान केन्द्र भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने यानी वर्ष 2047 में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र होने का गौरव प्राप्त करेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का विजन दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 24 साल भारत की तरक्की का रास्ता कैसे तय होगा, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी योजना का खाका सामने रख दिया है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी रविवार को बावल विधानसभा के गांव भांडौर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करने उपरांत लोगों से संवाद कर रहे थे। इससे पहले सहकारिता मंत्री ने गांव भांडौर में ग्राम ज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया।



रेवाड़ी। लोगों को शपथ दिलाते सहकारिता मंत्री। फोटो: हरिभूमि

### अपने दायरे से बाहर जाकर सोचें युवाः सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी इस समय अपनी ऊर्जा के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आजादी मिलने के समय जिस तरह युवा जोश ने देश को आगे बढ़ाया, ठीक उसी तरह अब युवाओं का लक्ष्य और संकल्प एक ही होना चाहिए कि भारत आत्मनिर्भर और विकसित देश कैसे बनेगा।

### घर बैठे मिल रहा लाभ

डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को घर बैठे सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे लोगों को लाभांवित करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है।

# साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में देशभक्ति का कार्यक्रम 'चार साहिबजादों का बलिदान, नमन कर रहा हिंदुस्तान' का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता मुकेश कापड़ीवास, प्राचार्य जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल सुरेश शर्मा व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह का नाम इतिहास में सर्वस्व दानी के रूप में विख्यात है। उन्होंने अपने पिता गुरु तेग बहादुर को देश और धर्म के लिए बलिदान होने की प्रेरणा दी। उनके दो बड़े बेटे बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाते हुए वीरगति प्राप्त की तथा दो छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को सरहिंद के नवाब वजीर खान ने बंदी बना लिया।

बाद में उन्हें जिंदा दीवारों में चिनवा दिया गया और वह देश व धर्म के लिए शहीद हो गए। गोक्रांति मिशन के प्रदेश प्रमुख प्रदीप डागर, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व सह संयोजक प्रवीण ठाकुर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने 'सवा लाख से एक लडाऊं, तभैं गोविंद सिंह नाम कहाऊं' का उद्घोष दिया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक विपिन यादव, गोक्रांति मिशन के आनंद डागर, प्रोफेसर सी एल सोनी व समाजसेवी संतलाल शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



रेवाड़ी। अतिथियों का सम्मान करते संस्था सदस्य।

- 'चार साहिबजादों का बलिदान, नमन कर रहा हिंदुस्तान' का आयोजन

# शिविर में 2500 से अधिक लोगों ने करवाई नेत्र जांच

- कैंप में 450 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित
- मरीजों को नि:शुल्क चश्में व दवाइयां की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री श्याम बहादुर सेवा मंडल की ओर से रविवार को तकिया सराय में 17वां विशाल नेत्र जांच व ऑपरेशन के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ श्रीश्याम बाबा के अलौकिक दरबार में श्याम बहादुर जी के विग्रह सम्मुख मंडल के सदस्य सुभाष अग्रवाल, रवि सहगल, चन्द्रशेखर गौतम, इंद्रजीत खंडेलवाल, राकेश वत्स, संदीप जैन, मनीष वर्मा एवं तनुज खंडेलवाल ने पूजा-अर्चना करके किया। रिति आई केयर अस्पताल से डा. हरपाल, मोनिका यादव व विवेक ने मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर के लिए गत दिवस 2500 जरूरतमंद लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया था तथा काफी लोगों के रविवार को भी रजिस्ट्रेशन किए गए। कैंप में 450 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित करते ऑपरेशन की निर्धारित तिथि दी गई। शिविर में 1550 नजर के चश्में भी निःशुल्क वितरित किए गए। शिविर में नेत्र जांच के साथ मरीजों की शुगर व बीपी की जांच करके निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। श्याम मंडल की ओर से प्रति वर्ष आंखों के ऑपरेशन, चश्में व दवाइयों की निःशुल्क सेवा दी जाती है।





रेवाड़ी। कैंप में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक तथा कैंप में महिला की आंखों की जांच करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इन्होंने दिया सहयोग

शिविर में अतिथियों के रूप में सुधीर सिंगला विधायक गुरुग्राम, सुनील मूसेपुर, अनिल रायपुर जिला प्रमुख, ब्राह्मण सभा के महासचिव हेमंत भारद्वाज, हरिप्रसाद बंसल डीडीपीओ, कविता गुप्ता प्राचार्य केएलपी कॉलेज, सतीश यादव पूर्व जिलाप्रमुख, डा.सतीश खोला, ए के सिंगला व श्री श्याम भक्त सुरेश अग्रवाल कस्टम कमिश्नर दिल्ली ने शिरकत की। सूफियाना ग्रुप की ओर से चाय की निःशुल्क सेवा दी गई।

## राजनीति के आक्रामक अंदाज में नजर आने लगीं डॉ. सुधा यादव

# एम्स शिलान्यास की तारीख के बहाने राव पर साधा सटीक निशाना

- पूर्व सांसद की 'चाय पर चर्चा' ने बढ़ाई विरोधी खेमे की धड़कन,

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

नए साल में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले ही माजरा में प्रस्तावित एम्स के शिलान्यास पर राजनीतिक रंग चढ़ना शुरू हो गया है। एम्स निर्माण को लेकर अभी तक जमीनी हकीकत से अधिक बयानबाजी से क्रेडिट लेने का प्रयास कर रहे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पर पूर्व सांसद डा. सुधा यादव का एम्स की तारीख को लेकर दिया गया बयान वजनदार साबित होता नजर आ रहा है। एम्स के शिलान्यास की तारीख को लेकर डा. सुधा यादव राव का नाम लिए बिना ही उन पर सटीक निशाना साध गई हैं। इसके साथ ही पूर्व सांसद की भाजपा के पुराने नेताओं के साथ 'चाय पर चर्चा' ने राव खेमे की बेचैनी बढ़ाने का काम कर दिया है। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनावों में राजनीति के मैदान में नई खिलाड़ी के रूप में महेंद्रगढ़ हलके से मैदान में कूदी डा. सुधा यादव ने उस समय अहीरवाल के स्थापित नेता राव इंद्रजीत सिंह को 1.39 मतों से हराकर सभी को चौंका दिया था। इस हार के बाद डा. सुधा यादव राव इंद्रजीत सिंह के राजनीतिक विरोधियों की लिस्ट में सबसे ऊपर आ गईं।





सुधा यादव तथा राव इंद्रजीत सिंह

इस समय भी एक ही पार्टी में रहते हुए दोनों के बीच राजनीतिक रूप से छत्तीस का आंकड़ा माना जाता है। डा. सुधा यादव इस समय भाजपा की उस राष्ट्रीय यूनिट यानि संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति की मेंबर हैं, जो सर्वाधिक पावरफुल मानी जाती है। डा. सुधा यादव पार्टी हाईकमान से स्वीकृति मिलने की सूरत में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अगर पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने की इजाजत देती है, तो डा. सुधा यादव के लिए गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र प्राथमिकता हो सकता है।

'भविष्य की संभावना' को देखते हुए उन्होंने चुनावों की तैयारी भी शुरू कर दी है। गत शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय सहित चार स्थानों पर हुए जलपान के कार्यक्रम इसी कड़ी का हिस्सा माने जा सकते हैं। उनके कार्यक्रमों से भले ही राव समर्थकों की दूरी रही, परंतु पार्टी के पुराने कार्यकर्ता सुधा की क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अब सुधा ने माजरा एम्स के शिलान्यास को लेकर सुधा ने इशारों में राव पर बड़ा निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### शिलान्यास के लिए नहीं पहुंचे सही जगह

माजरा एम्स पूरे अहीरवाल क्षेत्र में भाजपा की चुनावी रणनीति का बड़ा हिस्सा बनेगा। एम्स के शिलान्यास की मांग को लेकर एम्स संघर्ष समिति के धरने को लेकर डा. सुधा यादव ने स्पष्ट किया कि शिलान्यास की तारीख दिल्ली से फाइनल होनी है, तो मनेठी में धरना देने का क्या औचित्य है। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि शिलान्यास की मांग को लेकर लोग सही जगह पर नहीं पहुंच पाए। जिस जगह तक वह पहुंचे, वहां से एम्स के शिलान्यास की डेट फाइनल नहीं होनी है। वहां से एम्स की डेट को लेकर केंद्र के साथ सामंजस्य का अभाव रहा है, भले ही लोगों को इसके लिए आश्वासन दिए जाते रहे हों।


### ऐन मौके पर टाल गई तारीख की घोषणा

एक समर्थक के घर जलपान के दौरान डा. सुधा यादव ने यहां तक बोल दिया कि वह एम्स के शिलान्यास की तारीख बताने के लिए ही आई थीं, परंतु अब इसके लिए इंतजार करना हो गया। इसके लिए उन्होंने इस सप्ताह बुधवार को फाइनल डेट बताने का आश्वासन भी दिया। सुधा के इस अनोखे अंदाज से यह बात साफ हो चुकी है कि पार्टी में हाई लेवल पर एम्स के शिलान्यास को लेकर सब कुछ फाइनल हो चुका है। सुधा की एम्स को लेकर दिखाई गई दिलचस्पी से भी संकेत मिले हैं कि पार्टी शिलान्यास कार्यक्रम का सेहरा क्षेत्र के किसी एक नेता के सिर बांधने वाली नहीं है।

# आज मनाया जाएगा क्रिसमस का पर्व, चर्च सजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ईसाई समुदाय का क्रिसमस पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सरकुलर रोड स्थित सेंट एंड्रूज चर्च को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शहर के मॉल्स, रिसोर्ट तथा होटलों में क्रिसमस को लेकर बड़ी तैयारियां की गई हैं। इन प्रतिष्ठानों में जहां क्रिसमस ट्री बनाए गए हैं, वहीं सैंटा क्लॉज का वेशभूषा धारण किए पुतले भी बनाए गए हैं। कई प्रतिष्ठानों में तो सैंटा क्लॉज बच्चों को उपहार व टॉफी व चॉकलेट बांटते दिखाई दे रहे हैं। क्रिसमस पर्व को ईसाई समुदाय ही नहीं, अपितु अन्य समुदाय भी मिलजुलकर मनाते आ रहे हैं और धर्मनिरपेक्षता का परिचय देते रहे हैं। स्कूलों में भी नन्हे-मुन्ने बच्चों की ओर से पिछले एक सप्ताह से क्रिसमस पर्व मनाया जा रहा है। सैंटा क्लॉज व परी की वेशभूषा में बच्चें एक-दूसरे को उपहार भी दे रहे है। रविवार को भी शहर में अनेक स्थानों पर कैंडल लाइट सर्विस प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने अपने परिजनों के साथ भाग लिया। इसमें हिंदी और अंग्रेजी में कैरोल गायन और ईसा मसीह का गुणगान भी किया गया। लोगों को चर्च के फादर ने बाइबल के कुछ प्रसंग भी पढ़कर सुनाए।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर सजा चर्च।

## खबर संक्षेप

### कोसली क्षेत्र के गांव से महिला लापता

**कोसली।** उपमंडल के गांव के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी का मामला कोसली थाने में दर्ज कराया है। मामले से पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 दिसम्बर को उनकी पत्नी बिना बताए घर छोड़कर कही चली गई। पांच छह दिन तक अपने स्तर उसकी संभावित जगह तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया।

### मकान से दो मोबाइल चोरी, केस दर्ज

**कोसली।** आस्था कॉलोनी में अज्ञात चोर एक मकान में घुसकर दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। मूल रूप से खेड़ी रामगढ़ निवासी तथा वर्तमान में कोसली की आस्था कॉलोनी में किराए पर रह रहे धनीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर से दो फोन चोरी कर ले गया।

### लिफ्ट देने के बाद रास्ते में उतारा, उड़ाए साठ हजार

**रेवाड़ी।** ईको कार में लिफ्ट लेने के बाद रास्ते में उतारे दंपति के बैग से गाड़ी में ही 60 हजार रुपये चोरी कर लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। महेंद्रगढ़ के आकोली निवासी अंकित और उसकी पत्नी मुन्नी देवी अपने गांव से फरीदाबाद जाने के लिए बणीपुर चौक पर आए थे। वहां से वह एक ईको कार में बैठ गए।

### अटल बिहारी की जयंती पर कवि सम्मेलन आज

**रेवाड़ी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्री आदर्श शिक्षा समिति और हरियाणा कला परिषद् की ओर से 25 दिसंबर को धारूहेड़ा में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी ओबीसी मोर्चा के सदस्य दिनेश सैनी ने बताया कि धारूहेड़ा स्थित हरियाणा टूरिज्म कॉम्पलैक्स जंगल बब्लर में शाम 6 बजे होने वाले कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध हांस्य कवि युसूफ भारद्वाज, हलचल हरियाणवी, दीपक सैनी, विनय विनम्र, यशदीप कौशिक, आलोक भांडोरिया व कवयित्री खुशबू शर्मा पूर्व वाजपेयी को काव्यांजलि अर्पित करेंगे।

### गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला आदर्श नगर रेवाड़ी हाल किरायेदार विकास नगर निवासी योगेश के रूप में हुई है।

बाजारों में टू-व्हीलर निकालने में भी हो रही दिक्कत, सरकुलर रोड पर फुटपाथों पर फिक्स हो गई रेहड़ियां

# अतिक्रमणकारियों पर नगर परिषद मेहरबान बाजारों के बिगड़े हालात से पब्लिक हल्कान

अतिक्रमण के कारण बाजार की करीब 60 से 70 फीट की सड़क मात्र 10 फीट में सिमट कर रह गई।

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

शहर के सरकुलर रोड व बाजारों में लंबे समय से व्याप्त अतिक्रमण का नासूर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की ओर से भी इस समस्या के समाधान करने में कोई दिल्चस्पी नहीं ली जा रही है। नगर परिषद की मेहरबानी से शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले काफी बुलंद हो चुके है। सरकुलर रोड पर फुटपाथों पर रखा सामान, खड़ी रेहड़ियां व फुटपाथ के आगे सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग ने शहर की पूरी व्यवस्था बिगाड़ कर रख दी है। अतिक्रमण के कारण शहर के मोती चौक से गोकल गेट के बीच के बाजार की सबसे ज्यादा स्थिति खराब हो रही है। अतिक्रमण के कारण बाजार की करीब 60 से 70 फीट की सड़क मात्र 10 फीट में सिमट कर रह गई है। बाजारों में जहां दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे तख्त लगवाकर अतिक्रमण किया हुआ है वहीं रेहड़ी वाले मनमर्जी की जगह अपनी रेहड़ी खड़ी करके लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहे है। शहर को अतिक्रमण व जाम मुक्त बनाने के लिए प्रशासन के दावे हर बार फेल होते रहे है, जिसमें नगर परिषद की सुस्त कार्यशैली अपनी अहम भूमिका निभा रही है। अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में नगर परिषद की ओर से कोई भी ठोस कदम उठाए जाने की बजाय सिर्फ कागजों में योजनाएं बनाई जा रही है। सड़कों, फुटपाथ व बाजारों में पूरी तरह दुकानदारों, रेहड़ी और फड़ी वालों का कब्जा हो चुका है। नगर परिषद की टीम एक दिन शहर में अतिक्रमण हटाने निकलती है और खानापूर्ति करके लौट आती है। अतिक्रमण का उठाया गया सामान वापस अतिक्रमणकारियों के पास पहुंच जाता है।







रेवाड़ी। बस स्टैंड के बाहर फुटपाथ पर रेहड़ियों का कब्जा व रेलवे रोड पर सड़क पर दुकानदारों का अतिक्रमण व रेलवे रोड पर सड़क पर दुकानदारों का अतिक्रमण। फोटो :हरिभूमि

#### अतिक्रमणकारियों पर मेहरबान प्रशासन

*शहर का सरकुलर रोड व बाजार पूरी तरह अतिक्रमण के शिकंजे में आ चुके है। सरकुलर रोड सहित सभी बाजारों में दुकानदारों ने जैसे फुटपाथ व सड़क तक सामान रखा हुआ है और उसके आगे वाहन खड़े किए जा रहे है। इससे साबित हो जाता है कि प्रशासन व नगर परिषद इन अतिक्रमणकारियों पर पूरी तरह मेहरबान है। प्रशासन की ओर से अपनी जगह तक खाली नहीं कराई जा रही है। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के आगे सड़क पर होर्डिंग तक रखे हुए है।*





रेवाड़ी। गोकल बाजार में डिवाइडर की आड में लगाई गई रेहड़िया व बाजार में एक तरफ दुकानदारों व दूसरी ओर रेहड़ियों का अतिक्रमण। फोटो :हरिभूमि

#### इन जगहों पर बिगड़ रही स्थिति

*सरकुलर रोड पर बस स्टैंड के बाहर, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी, नाईवाली चौक, रेलवे रोड, कानोड गेट, झज्जर चौक व ट्रामा सेंटर के पास जगह-जगह अतिक्रमण है। बाजारों में नगर परषिद कार्यालय से लेकर भाड़ावास गेट, पुरानी सब्जीमंडी, मोती चौक, गोकलगेट बाजार, काठमंडी, रेलवे रोड बाजार, बजाजा बाजार, गुड़ बाजार, पंजाबी मार्केट, पुरानी अनाजमंडी व केवल बाजार पूरी तरह अतिक्रमण की गिरफ्त में है। बाजारों में काफी दुकानदार तो दुकानों के आगे रेहड़ियां लगवाकर किराया तक वसूल रहे है।*

#### लोगों से झगड़ा तक करते रेहड़ी वाले


*मुख्य बाजार की सड़कों पर सबसे ज्यादा रेहड़ी वालों ने कब्जा किया हुआ है। रेहड़ी वाले अपनी मनमर्जी की जगह बीच सड़क में रेहड़ियां खड़ी करके रास्ता रोक रहे है। रेहड़ीवालों ने पिछले दिनों गोकल बाजार में बनाए गए डिवाइडर के पास व कटों में भी रेहड़ियां खड़ी की हुई है। एक तरफ दुकानदारों के तख्त व दूसरी तरफ रेहड़ी खड़ी होने की वजह से बाजार से टू-व्हीलर निकालना तो दूर पैदल निकलने में भी मशक्कत करनी पड़ी है। रेहड़ी वालों से रेहड़ी हटाने की कहने पर यह झगड़ा करने पर भी उतारू हो रहे है।*

# पोस्टर मेकिंग जूनियर वर्ग में तानिया व सीनियर वर्ग में शिवि ने मारी बाजी

■ विजेता विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल में गणित सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मनोज कुमार ने किया तथा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। गणित प्रवक्ता मनोज कुमार ने विद्यार्थियों से गणित की अवधारणाओं को समझकर दैनिक जीवन में लागू करने की अपील की। कार्यक्रम प्रभारी गणित प्रवक्ता मीनाक्षी चुग के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग, रंगोली व प्रश्नोत्तरी सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष होशियार सिंह, समाजसेवी धनीराम मेहरा, बाबू देवीदयाल, मिथलेश, बालकृष्ण, दयाराम आर्य, सरपंच प्रतिनिधि रामजस, जयसिंह ब्लॉक समिति सदस्य, कैप्टन फकीर चंद व प्रेस सचिव मुकेश कुमार सहित समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### प्रतियोगिताओं के रिजल्ट

*पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में तानिया प्रथम, गामिनी द्वितीय तथा यशिका तृतीय तथा सीनियर वर्ग में शिवि प्रथम, तनु द्वितीय तथा भावना तृतीय स्थान पर रही। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में राजश्री व निशा की टीम प्रथम, संजना व नताशा की टीम द्वितीय तथा काजल व प्रीति की टीम तृतीय स्थान तथा सीनियर वर्ग में शिवि तथा सहदेव की टीम प्रथम, गुंजन व खुशी की टीम द्वितीय तथा शिल्पा व अमृता की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रीति, डिंपी व नताशा की टीम प्रथम, काजल, राधिका, भावना की टीम द्वितीय व प्रवीण, मनीष, गौरव की टीम तृतीय तथा सीनियर वर्ग में चेतन, मुकुल, गुंजन की टीम प्रथम, भारत, सलोनी व खुशी की टीम द्वितीय व आर्यन, देवराज व एकता की टीम तृतीय स्थान पर रही।*

# शिवालिक सदन का दबदबा

■ मॉडल मेकिंग, पोस्टर, रोचक प्रश्नोत्तरी व रंगोली की प्रतियोगिताओं में कड़े मुकाबले रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में नीलगिरि सदन व श्रीनिवास रामानुजन गणित क्लब के संयुक्त तत्वावधान गणित सप्ताह के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। क्विज के तीनों वर्गों में शिवालिक सदन का दबदबा रहा। मॉडल मेकिंग, पोस्टर, रोचक प्रश्नोत्तरी व रंगोली की प्रतियोगिताओं में भी कड़े मुकाबले रहे। क्लब के अध्यक्ष प्राध्यापक दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष सतपाल सिंह तथा महासचिव शक्ति सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के तीनों वर्गों में शिवालिक सदन के छात्र रमन, अर्जुन, हर्ष, आंचल, महक, अश्विनी, अक्षरा, कोमल व साक्षी की टीमें विजेता रहीं। रंगोली के जूनियर वर्ग में हिमालय सदन तथा सीनियर वर्ग में अरावली सदन में बाजी मारी। पोस्टर मेकिंग में हिमालय सदन की कोमल, अरावली सदन की शकुंतला तथा शिवालिक सदन की भावना सीनियर वर्ग तथा नीलगिरि सदन की प्रिया, हिमालय सदन की क्षमा तथा गौरव विजेता रहे। प्रतियोगिताओं में प्राध्यापिका प्रियंका यादव लक्ष्मी यादव तथा प्रियंका देवी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्राध्यापिका संध्या ने गीता सार प्रस्तुत किया तथा छात्रा दीपिका, अक्षरा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवनवृत्त तथा गणित के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला।



रेवाड़ी। स्कूल में गणित सप्ताह के विजेताओं के साथ प्राचार्य एवं स्टाफ।

# भाकली की सिद्धि ने नेशनल जिम्नास्टिक में जीता सिल्वर



*कोसली। भाकली गांव की छात्रा सिद्धि यादव ने नेशनल जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में हरियाणा के सोनीपत जिले के मोतीलाल नेहरू राइट स्पोर्ट्स स्कूल की 11वीं की छात्रा सिद्धि की टीम ने जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। भाकली गांव के पूर्व पंच संदीप यादव की पुत्री सिद्धि यादव की इस उपलब्धि पर ब्लॉक समिति नाहड़ की वाइस चेयरपर्सन मुकेश यादव, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, जसवंत सिंह, रविंद्र यादव व सतीश कुमार ने बधाई दी है।*

# मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बारा हजारी प्राचीन दुर्गा मंदिर से हरिद्वार गंगा स्नान व मंदिरों के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना की गई। मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने माता रानी की लाल ध्वजा दिखाकर बस को दार्शनिक स्थलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर वंदना पोपली ने बताया कि सभी श्रद्धालु हरिद्वार में गंगा स्नान उपरांत माता मनसा देवी मंदिर, भारत माता मंदिर, कनखल व अन्य मंदिरों के दर्शनों का लाभ प्राप्त करेंगे। इससे पूर्व मुख्यातिथि व नागपाल एंड पार्टी सदस्यों की ओर से बाराहजारी मंदिर में माता दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। यात्रा के संयोजक बिजेन्द्र सैनी ने बताया कि यात्रा में संजय बतरा, गोविंद फ्रूट कंपनी, सुभाष मेहंदीरत्ता, ओमप्रकाश सैनी, मनीष सैनी, नीलम, कांता एवं सुनील मग्गू ने सहयोग दिया है। इस अवसर डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, नवीन पोपली, विजय, रंजना, सुनील जिंदल, संजय, उर्मिल गुप्ता व मुन्नी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।



रेवाड़ी। माता की पूर्जा-अर्चना करते हुए।

# रौनक ने फेंसिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**कोसली।** नाहड़ गांव के आरएमआर स्कूल के 10वीं के छात्र रौनक ने 18वीं नेशनल कैडेट फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की ओर से खेलते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। स्कूल एडमिन विनोद कौशिक ने बताया कि छात्र ने गुजरात के मेहसाणा में हुई 18वीं नेशनल कैडेट फेंसिंग चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल की है। छात्र रौनक के सिल्वर मेडल जीतने पर स्कूल संचालक राजकुमार कोसलिया, रीना, अनुराधा, जोगेन्दर, अजित, भूपेंद्र, योगेश, दीपीका, शिवकांत, रंजू, लता, कविता, मीना, अनिता, रोहित, रविंदर, प्रियंका, वंदना, सीमा, कविता, नीलम, सतबीर व दयाकिशन ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



कार्यक्रम | राज इंटरनेशनल स्कूल में प्री नर्सरी से केजी के बच्चों का वार्षिक समारोह आयोजित

# बच्चों ने बार्बी गर्ल, लिटिल बटरफ्लाई व इंडियन सुपरहीरो थीम पर डांस कर किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा प्री नर्सरी से केजी के बच्चों के लिए वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जगराम सैनी, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विश्वामित्र यादव, वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्रपाल यादव, सचिव मनप्रिय यादव, कोषाध्यक्ष विवेक यादव, अनिल यादव प्रिंसिपल गवर्नमेंट स्कूल कंवाली, रामपाल यादव प्रधान हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, विक्रम सिंह सरपंच माजरा गुरदास, तेजपाल सरपंच आसियाकी, अशोक कुमार सरपंच पंचोर, राव बहादुर सिंह सरपंच जड़थल, सोनू सिंहम चेयरमैन,चेतराम सैनी एक्स. प्रेसिडेंट सैनी समाज, रामजीलाल सैनी सोशल वर्कर और विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

**मनोहारी प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध**

समारोह में बच्चों ने अनेक मनोहारी प्रस्तुतियां दी। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। नन्हे-मुन्ने कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मंच संचालन निशा यादव, छात्रा कोमल एवं समीक्षा ने किया। बच्चों ने राजियंस इन वंडरलेंड थीम में बार्बी गर्ल, फेरी थीम-फेरी डांसिंग, आई एम योर लिटिल बटरफ्लाई, वेलकम टू दा जंगल, प्रिंस एंड प्रिंसेस थीम, इतनी सी खुशी, तुर्किश सांग, इंडियन सुपरहीरो रेफरी गॉड अल्लाह और भगवान, हेलोवीन थीम भूतनाथ व एक्शन हीरो के गानों पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। महोत्सव में छात्रा मानवी, कोमल, हिमानी और रूही ने अपनी शानदार प्रस्तुती देकर श्रोताओं की तालियां बटोरी और आर्यन ने बेस्ट ड्रामेबाज को रोल निभाया। उपप्राचार्य निधि सैनी ने अभिभावकों को स्कूल में होने वाली शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक एक साथ मिलकर चले तो परिणाम बेहतर रहेंगे। मुख्यातिथि विश्वामित्र यादव ने में स्कूल के शिक्षा स्तर की सराहना की। निदेशक नवीन सैनी ने बच्चों के विकास के लिए स्कूल में होने वाले कार्यों से अवगत कराया। स्कूल का मुख्य उद्देश्य समाज, शहर एवं देश को उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर करना हैं। स्कूल में बच्चों में लीडरशिप की भावना को विकसित किया जा रहा हैं। विद्यालय के चेयरमैन, निदेशक जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देखकर आभार व्यक्त किया तथा टीम के सदस्य निशा यादव, रीमा, सोनाली, नवीन भारद्वाज, मदन, रोहित, विवेक भारद्वाज, अभिषेक, मनोज, इन्द्राणी, वैशाली और मंजू के प्रयासों की सराहना की।



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे